Publication: **Navbharat** | Region: **Mumbai** | Date: **21/10/2013** | Page No.: **7**

बीमाधारकों के लिए अधिक अनुकूल होंगे नए नियम : राउ

अधिक पारदर्शी बनेंगे जीवन बीमा उत्पाद

व्यापार प्रतिनिधि

मुंबई. बीमा उद्योग में नए दिशा-निर्देशों से अब देश में ग्राहकों की जरूरत के अनुसार आसान, पारदर्शी एवं अनुकूल जीवन बीमा योजनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. साथ ही नए मानदण्ड ग्राहकों की बीमा सम्बन्धी सभी ज़रूरतों को पूरा करेंगे, उन्हें बेहतर लाइफ इंश्योरेन्स कवर, बेहतर सरेन्डर वैल्यू उपलब्ध कराएंगे. यह कहना है रिलायंस लाइफ इंश्योरेन्स के सीईओ अनूप राउ का.

गौरतलब है कि बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने लोगों के लिए सरल व जरूरत के अनुसार बीमा योजनाएं लाने के लिए बीमा कंपनियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जो एक जनवरी 2014 से लागू होंगे. हालांकि रिलायंस लाइफ सहित लगभग सभी कंपनियों ने अभी से नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक अपनी बीमा योजनाओं को नए स्वरूप में लाना शुरू कर दिया है.

'नवभारत' से बात करते हुए अनूप राउ ने कहा कि अगले महीने से बाजार में ग्राहकों के लिए बेहतर एवं अनुकूल बीमा योजनाएं पेश करना इन नए दिशानिर्देशों का मुख्य उद्देश्य है. ये मानदण्ड उपभोक्ता को लम्बी अवधि तक संरक्षण प्रदान करेंगे तथा जीवन बीमा के मूल उद्देश्य को पूरा करेंगे. उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि जीवन बीमा का मुख्य उद्देश्य लाइफ कवर होता है, ना कि बचत. कीमत की दृष्टि से देखा जाए तो पारम्परिक उत्पादों को यूलिप के समकक्ष लाने के लिए प्रयास किए जा रहें हैं. ये दिशानिर्देश यूलिप एवं पारम्परिक उत्पादों के बीच संतुलन बनाने में मददगार होंगे. उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में पारम्परिक उत्पाद भी उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य प्रदान करेंगे, ऐसे में उपभोक्ता अपनी जरूरतों के अनुसार यूलिप और पारम्परिक उत्पादों का चुनाव कर सकेंगे. ये नए विनियमन पारम्परिक उत्पादों जैसे एनडाउमेंट एंव मनी बैक प्लान्स में प्रत्यास्थता तथा लाइफ कवर को बढ़ाएंगे, इस प्रकार से ये पारम्परिक उत्पादि अब पहले से कहीं अधिक पारदर्शी एवं उपभोक्ताओं के लिए अनुकूल होंगे. उन्होंने बताया कि जीवन बीमा के मूल उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नए उत्पादों में भी नुकसान के लिए सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाएगा, इस तरह से जीवन बीमा उपभोक्ता को सुरक्षा प्रदान करेगा, जो किसी अन्य प्रकार के निवेश में सम्भव नहीं है.

हर तरह के बीमा उत्पाद लाएगी रिलायंस लाइफ

- राउ ने बताया कि रिलायंस लाइफ इंश्योरेन्स हर तरह के जीवन बीमा उत्पाद जारी करती रहेगी इनमें संरक्षण, बचत एवं निवेश, स्वास्थ्य, युनिट-लिंकड, बच्चों एवं सेवानिवृति आदि से जुड़े हर तरह के उत्पाद शामिल हैं. हम पारम्परिक उत्पादों पर फोकस कर रहे है. हम उपभोक्ताओं की आवश्यकता के अनुसार आसान समाधान पेश करना चाहते है. हमारे पोर्टफोलियो में 80 फीसदी पारम्परिक योजनाएं एवं 20 फीसदी यूलिप शामिल है. हमें उम्मीद है कि आने वाले कुछ समय के लिए हम इसी प्रवृति को जारी रखेंगे.
- देश भर में 1,000 शाखाओं तथा 1,00,000 बीमा सलाहकारों के व्यापक नेटवर्क के साथ, भारत के कोने कोने तक पहुंचना रिलायंस लाइफ इंश्योरेन्स का उद्देश्य है. हम देश की उस 80 फीसदी आबादी तक अपनी पहुंच बनाना चाहते है, जो आज भी बीमा सेवाओं एवं अन्य वित्तीय उपकरणों के फायदों से वंचित है.